तार से घोंट दिया मंगेतर का गला

रीठी के खमरिया में हुए अंधे कत्ल का पर्दाफाश, मामूली विवाद ने छीन ली घर की खुशियां

कटनी, देशबन्धु। थाना रीठी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में घटित अंधी हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। यह मामला न केवल एक युवक की दर्दनाक मौत का है, बल्कि उस असमझ और आवेगपूर्ण क्षण का भी प्रतीक है, जिसने दो परिवारों की खुशियों को हमेशा के लिए मातम में बदल दिया। 11 फरवरी 2026 को थाना रीठी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खम्हरिया में सुनील भुमिया 19 वर्ष, निवासी ग्राम परसवाहा थाना विजयराघवगढ़, की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मर्ग क्रमांक 11/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए उप

पुलिस अधीक्षक रत्नेश कुमार मिश्रा द्वारा स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। एफएसएल टीम की जांच एवं शव के पोस्टमार्टम उपरांत डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि मृत्यु गला घोंटे जाने से हुई है। इसके बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 85/26 धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान सामने आया कि मृतक सुनील भूमिया 10 फरवरी 2026 की रात अपनी होने वाली ससुराल आया था। शराब सेवन के बाद उसका अपनी मंगेतर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर बालिका ने बिजली के तार से सुनील का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधि विरुद्ध बालिका को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एक छोटा सा विवाद गुस्से और असमझदारी में ऐसा अपराध बन गया,जिसने एक युवक की जान ले ली और एक किशोरी को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दोनों की शादी तय थी, सपने संजोए जा रहे थे, लेकिन एक पल का आवेश ज़िंदगी और भविष्य दोनों निगल गया। जिस घर में शहनाई बजनी थी, वहाँ मातम पसरा है। जिस रिश्ते को जीवन भर निभाना था, वह एक रात में खत्म हो गया।

शासकीय तिलक कॉलेज में स्वयं पोर्टल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कटनी, देशबन्धु। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्वयं पोर्टल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया, उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा उनके महत्व की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में स्वयं पोर्टल प्रभारी डॉ.संगीता बासरानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं पोर्टल के कोर्स विद्यार्थियों के अध्ययन को समृद्ध बनाते हैं और उन्हें नई-नई जानकारियों से जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आहार योग, उद्यमिता, सामुदायिक स्वास्थ्य, कंप्यूटर सहित कई सामान्य व व्यावसायिक विषयों से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर छात्र अपने ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर सकते हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही और छात्रों ने स्वयं पोर्टल से जुड़ने में विशेष रुचि दिखाई।

मधई मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साफ-सफाई, प्रकाश एवं यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि : महापौर

कटनी, देशबन्धु। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन मधई मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने एक दिन पूर्व शनिवार को क्षेत्रीय पार्षद मौसूफ बिट्टू एवं एमआईसी सदस्यों के साथ मंदिर परिसर एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, उमेंद्र अहिरवार सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, पार्किंग की स्थिति, पेयजल उपलब्धता तथा विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। महापौर ने विशेष रूप से नगर के सभी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त साफ-सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश मौजूदा अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि नागरिकों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधा-पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।निरीक्षण उपरांत महापौर ने पार्षद साथियों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं हेतु तैयार किए जा रहे प्रसाद की पैकिंग कार्य में भी सहभागिता निभाई। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री संजय मिश्रा, मोना करेरा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह,सहित मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

महाशिवरात्रि आज : करौंदी में 21 वर्षों से चल रहा अतिरुद्राभिषेक पाठ

उमरियापान, देशबन्धु। उमरियापान के समीपस्थ करौंदी स्थित महर्षि महेश योगी वेद विज्ञान विधापीठ आश्रम के विशाल ध्यानहाल परिसर में 21 वर्षों से प्रतिदिन 1331 वैदिक ब्राम्हणों द्वारा अतिरुद्राभिषेक पाठ किया जा रहा है। इस दौरान पूरा परिसर वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान होता है। आश्रम प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि विश्व शांति एवं विश्व कल्याण के लिए महर्षि जी की प्रेरणा से वर्ष 2005 में अतिरुद्राभिषेक पाठ शुरू किया गया था। वह अनवरत जारी है। जिसमें विशेष अवसरों पर आश्रम परिवार के सदस्यों के साथ ही जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल होकर पुण्य लाभ लेते है। महाशिवरात्रि पर उमरियापान के समीप हरदीकुटी आश्रम में संतश्री कौशिल्यादास जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन किया गया है। शनिवार को कलश शोभायात्रा से यज्ञ का शुभारंभ हुआ। भरभरा आश्रम में संतश्री बनवारीदास जी महाराज के सानिध्य में आश्रम में स्थापित भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन होगा। अनुराग रामायण मंडल के तत्वाधान में उमरियापान में भगवान शिव-पार्वती की शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। झंडा चौक हनुमान मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं पूजन का आयोजन होगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। महाशिवरात्रि पार्व पर बडीमाई मंदिर, संयासी मंदिर समीप शिव मंदिर में विशेष पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समीपस्थ ग्राम पचपेढी, घुघरा, घुघरी, हरदी, सहलावन पिपरिया, पिपरियाशुक्ल, छोटीपोडी में भी पर्व मनाया जाएगा। भजन कीर्तन होंगे।

सात समंदर पार से आए फ्रांसीसी मेहमानों ने सराहा

कटनी, देशबन्धु। जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास अब अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर बढ़ रहे हैं। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर शुरू नवाचारों से कटनी जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। किसानों का रुझान अब औषधीय एवं प्राकृतिक फसलों की ओर तेज़ी से बढ़ा है, जिसके चलते कटनी आज प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी विशेष पहचान बना रहा है।

डाइट टीम व बीआरसी की संयुक्त टीम ने विद्यालयों का निरीक्षण किया

बहोरीबंद, देशबन्धु। विकासखंड अंतर्गत आने वाले पटीराजा, एकीकृत माध्यमिक शाला बतरतरा का शुक्रवार को डायट व बीआरसी की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला पटीराजा में शैक्षणिक गुणवत्ता अच्छी पाई वहीं माध्यमिक शाला बतरतरा में शैक्षणिक गुणवत्ता सामान्य पाई गई। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने सहित 20 फरवरी से आयोजित 5 वी व आठवीं की परीक्षाओं का सफल संचालन हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले की टीम ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद सांदीपनि स्कूल बहोरीबंद डीहुंटा स्कूल, बाकल स्कूल के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डाइट प्राचार्य एमपी डुंगडुंग, डायट फेकल्टी राकेश सिन्नकर, बीआरसी प्रशांत मिश्रा सहित स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही।

आम सूचना

सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा एक अचल संपत्ति मौजा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 363 पटवारी हल्का नंबर 407 कुठला तहसील कटनी नगर जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नंबर 45/3क 46/2क 47/3क का अंश भाग रखवा 2100 वर्ग फुट अर्थात 195.6 वर्ग मीटर भूमि है जिस पर आवासीय उपयोग का भवन निर्मित है जिसका नामांतरण के पश्चात परिवर्तित खसरा नंबर 45/13, 46/13, 47/21 जिसकी चतुर सीमा उत्तर 15 फुट चौड़ी रोड़ दक्षिण अन्य की भूमि पूर्व पवन ताम्रकार की भूमि पश्चिम विक्रेता की शेष भूमि कटनी स्थित सौदा निकट भविष्य में विक्रेता से होने वाला है जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो मेरे समक्ष सात दिवस के अंदर आपत्ति दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से अपने हक मे रजिस्ट्री उपरांत कोई आपत्ति मान्य ना होगी।

दिनांक- 14/02/2026

भवदीय

अधिवक्ता नीलू तिवारी दुबे

कैमरों की निगहबानी में नपेगा सीना

कटनी, देशबन्धु। कैमरों की निगहबानी में भावी अग्निवीरों का सीना नपेगा और हर गतिविधि रिकार्ड की जाएगी। सभी प्रकार की तैयारियों के लिए एसपी और ब्रिगेडियर ने स्थल परीक्षण भी किया है। जिले के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में 13 फरवरी से शुरू भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 5 हजार 374 युवाओं को आमंत्रित किया गया है, जिनका अलग-अलग दिनों में शारीरिक पात्रता परीक्षण किया जाएगा और स्वास्थ्य मानकों तथा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर चयन किया जाएगा। शुक्रवार 13 फरवरी की रात को शारीरिक दक्षता परीक्षण, मेडिकल जांच, और दस्तावेजों की जांच आदि का कार्य किया गया। 13 फरवरी की रात में 548 युवाओं ने रैली में पार्टिसिपेट किया, जिसमें से सिवनी जिला से 288, बालाघाट जिले से 198, मंडला जिले से 62 युवाओं ने पार्टिसिपेट किया। वर्तमान में स्क्रूटनिंग के पश्चात

अग्निवीर भर्ती रैली 13 फरवरी से, एसपी और ब्रिगेडियर ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट होना शेष है, जिसमें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन लगभग पूर्ण हो गया है, प्रतिभागियों का मेडिकल का कार्य प्रक्रियाधीन है। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं ब्रिगेडियर संजय शर्मा द्वारा आर्मी भर्ती स्थल पुलिस लाइन ग्राउंड का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रवेश निकासी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल, शौचालय सीसीटीवी कैमरे, हेल्प डेस्क, टेंट एवं प्रकाश व्यवस्था सहित समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक अग्नि वीर को गरिमामय, सुरक्षित एवं पूर्णतः पारदर्शी वातावरण उपलब्ध हो। भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। साथ ही पुलिस बल द्वारा की गई भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक कंट्रोल की तैयारियों की जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान दौड़ ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता, चिकित्सा सहायता तथा समय मापन प्रणाली का भी गहन परीक्षण किया गया। ब्रिगेडियर संजय शर्मा द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षण क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त शारीरिक माप परीक्षण स्थल का निरीक्षण किया गया, जहां अभ्यर्थियों की ऊंचाई, वजन एवं सीने की माप निर्धारित सैन्य मानकों के अनुरूप की जा रही थी। भर्ती प्रक्रिया में उपयोग किए जा रहे तकनीकी उपकरणों एवं निगरानी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती रैली का संचालन सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

कटनी, देशबन्धु। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया का भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या रांधेलिया द्वारा सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित पन्ना मोड़ में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संबोधित करते हुए रीना बौरासी ने प्रदेश में महिलाओं के हितों में सतत संघर्ष करने की बात कही एवं सौम्या रांधेलिया की निरंतर सक्रियता पर उन्हें एवं समस्त टीम को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से मीनाक्षी बालवी, रश्मि अग्रवाल, माया चौधरी, नीरा सोनी, लता खरे, मुमताज बानो, अस्मिता ठाकुर, कल्पना सेन, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा, वरिष्ठ नेता कमल पांडे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, सचिन गर्ग, एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा, प्रदेश सचिव अजय खटिक, विजय मंगल चौधरी, श्याम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं महिलायें उपस्थित रही।

सनशाइन एकेडमी रायबड़ा में जनरल प्रोफिशिएंसी अवार्ड का आयोजन

कटनी, देशबन्धु। सनशाइन एकेडमी रायबड़ा में जनरल प्रोफिशिएंसी अवार्ड का आयोजन किया गया। स्कूल में एमडी मेम, प्रिंसिपल मेम और वाइस प्रिंसिपल मेम की उपस्थिति में छात्रों को उनके टैलेंट के अनुसार अवॉर्ड दिए गए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें उन्हें उनकी प्रतिभा के अनुसार सम्मानित किया गया। सनशाइन एकेडमी छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करना जनरल प्रोफिशिएंसी का मुख्य उद्देश्य था। छात्रों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया।

नव वर्ष 2026 से सेवा का नया अध्याय इंटक यूनियन ने शुरू किया साप्ताहिक भंडारा

कैमोर, देशबन्धु। औद्योगिक नगरी कैमोर स्थित अदानी एसीसी कैमोर में इंटक यूनियन द्वारा नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर एक सराहनीय और प्रेरणादायी पहल की शुरुआत की गई है। अदानी एसीसी कैमोर में इंटक यूनियन के जनरल सेक्रेट्री मनीष नवैत की पहल एवं नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार इंटक कार्यालय में साप्ताहिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हर सप्ताह आयोजित इस भंडारे में सैकड़ों नागरिक,श्रमिक एवं उनके परिजन पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। सेवा, सहयोग और भाईचारे का यह वातावरण पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दे रहा है।

सामूहिक सहयोग से सफल आयोजन

इस पुनीत कार्य में इंटक यूनियन के अध्यक्ष पंकज पीडिया, पूर्व अध्यक्ष अनिल मौर्या, राकेश तिवारी, नीरज प्रसाद, केके तिवारी सहित सभी

प्रत्येक शनिवार इंटक कार्यालय में होगा सेवा कार्य, पुलवामा वीरों को किया नमन

पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। संगठन के सामूहिक प्रयास से यह भंडारा केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि सामाजिक समरसता और श्रमिक एकता का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

पुनीत पहल की हो रही सर्वत्र सराहना

जनरल सेक्रेट्री मनीष नवैत की इस पहल की श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है।लोगों का कहना है कि यह आयोजन संगठन और समाज के बीच आत्मीय संबंधों को और अधिक मजबूत कर रहा है तथा सेवा भावना को नई दिशा दे रहा है।

पुलवामा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

इसी क्रम में 14 फरवरी (शनिवार) को आयोजित भंडारे के अवसर पर वर्ष 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इंटक पदाधिकारियों,पत्रकारों एवं उपस्थित मजदूर भाइयों ने मोमबत्तियां जलाकर तथा पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों की शहादत को स्मरण किया गया तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

सेवा, संगठन और राष्ट्रभक्ति का संगम

अदानी एसीसी कैमोर की इंटक यूनियन द्वारा प्रारंभ किया गया यह साप्ताहिक भंडारा अब सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है। प्रत्येक शनिवार का यह आयोजन श्रमिक एकता, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रतीक बन चुका है। इंटक परिवार ने कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प है और श्रमिक एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति। इंटक सदैव समाज, संगठन और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी।

शिव बारात में शामिल होंगे हजारों भक्त

नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी

कटनी, देशबन्धु। जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित भगवान शिव की नगरी नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर हर साल की तरह इस वर्ष भी हजारों शिवभक्त यहां पहुंचेंगे और भगवान शिव-पार्वती के विवाह महोत्सव एवं भव्य बारात का हिस्सा बनेंगे। नीलकंठेश्वर धाम में पिछले 36 वर्षों से अखंड रामचरितमानस पाठ और भगवान शिव के कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि से 42 दिन पूर्व शिवलिंग निर्माण प्रारंभ होता है, जिन्हें विधि-विधान से पूजन के बाद विसर्जित किया जाता है।

प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह धार्मिक आयोजन शहर के प्रतिष्ठिक उघोगपति मदनलाल ग्रोवर व उनके युवा उघोगपति पुत्र रंजन बाबू ग्रोवर के द्धारा एक आयोजन समिति बनाकर आयोजित किया जाता है। आयोजन समिति के संरक्षण पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल व नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व शहर व विजयराघवगढ़ के गणमान्य नागरिकों को बनाया गया है। बहरहाल कल 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नीलकंठेश्वर धाम में भव्य उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें विशेष महा आरती, रजत

श्रृंगार, भव्य शिव बारात और रुद्राभिषेक शामिल हैं। यह आयोजन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति और भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

आध्यात्मिक शांति का केंद्र नीलकंठेश्वर धाम

नीलकंठेश्वर धाम मंदिर कटनी जिले के कैमोर क्षेत्र के पडखुंडी ग्राम में स्थित है। चारों ओर ऊंची पहाडियों से घिरा यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। यहां आयोजित अखंड मानस पाठ और भक्तिमय कीर्तन दूर-दूर तक गूंजते हैं। मंदिर के पुजारी के अनुसार इस भव्य मंदिर का निर्माण कटनी के प्रतिष्ठित व्यवसायी मदन लाल ग्रोवर द्वारा सन् 1991 में कराया गया था। मंदिर की सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण कटनी और आसपास के जिलों से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। इस बार मथुरा के सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत ब्रजवासी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे श्रद्धालुओं की भक्ति भावना और प्रबल होगी। इसके अलावा मंदिर में हर वर्ष विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिसके उपरांत हजारों श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरित किया जाता है।

निकलेगी भव्य शिव बारात

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की बारात धूमधाम से निकाली जाती है, जिसमें कटनी सहित आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। भव्य बाजे-गाजे, झांकियां और कीर्तन मंडलियां इस शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ाते हैं।

5 एकड़ में है मंदिर परिसर

करीब 5 एकड़ में फैले इस मंदिर परिसर में मां जगदंबा, भगवान गणेश, श्रीहरि विष्णु-मां लक्ष्मी सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं। हालांकि श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र तीन मंजिला ऊंचा भगवान शिव और गौरी माता का भव्य मंदिर है। इस पावन धाम में हर वर्ष महाशिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करते हैं।